उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1629 .... दिनांक /Date.: 12.02.21

संवाद–91

विषयः– अभ्यर्थियों की एक छोटी भूल के गंभीर दुष्परिणाम के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

आज आयोग कार्यालय में मो0 शाकिर, पुत्र मो0 लियाकत अली मुझसे मिलें, इन्होंने सहायक लेखाकार परीक्षा में 73.75 अंक लाने का दावा किया किंतु उनका परिणाम आयोग द्वारा जारी नहीं किया जा सका, क्योंकि उन्होंने परीक्षा के दिन अपना बुकलेट सीरीज नहीं भरा था एवं न ही उसका गोला बनाया था। यदि अपनी प्रश्न पुस्तिका की सीरिज उन्होंने भरी होती तो वे राज्य सरकार की सेवा में चयनित हो सकते थे।

अपनी मुलाकात में उनका यह अनुरोध था कि यह तो छोटी सी गलती है और आयोग इसे ठीक करके परिणाम जारी कर सकता है। उनका यह कहना सही हो सकता है कि यह गलती तो छोटी सी है, किंतु आयोग के स्तर पर ऐसी त्रुटियों का निराकरण संभव नहीं हो पाता।

इस मामले से प्रेरित होकर मैंने यह आवश्यक समझा कि मैं सभी अभ्यर्थियों से यह विषय साझा करूं व यह भी समझाने का प्रयास करूं कि आयोग क्यों इस तरह के अनुरोधों को क्यों स्वीकार नहीं करता।

आप सभी अवगत हैं कि ऑफलाइन परीक्षायें OMR आधारित है। OMR का अर्थ है Optical mark reader तकनीक अर्थात जो भी गोला आप OMR शीट पर प्रश्नोत्तर या अन्य सूचना भरने के लिए बनाते हैं उसे OMR स्केनर स्कैन करता है या पढ़ता है व इसके हिसाब से कम्प्यूटर में OMR शीट का स्वतः मूल्यांकन होता है।

मूल्यांकन के लिए प्रश्न पुस्तिका सीरिज न भरने के कारण सॉफ्टवेयर संबंधित उत्तरकुंजी से उसका मिलान नहीं कर पाता व इस प्रकार अभ्यर्थी का मूल्यांकन संभव नहीं हो पाता। इसका यह अर्थ है कि मूल्यांकन के लिए प्रश्न पुस्तिका की सीरीज का गोला बनाना होगा तभी स्कैनर उसका मिलान कर मूल्यांकन करेगा। परीक्षा के बाद OMR में छेड़छाड़ एक गंभीर मामला है जो परीक्षा की शुचिता के लिए कतई स्वीकार्य नहीं है और इसी कारण आयोग ऐसी किसी भी त्रुटि के सुधार की अनुमति नहीं दे सकता।

अतः इस मामले का लाभ लेकर मैं सभी अभ्यर्थियों से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि जितना आवश्यक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए मेहनत करना है उतना ही आवश्यक परीक्षा के दिन OMR शीट को ध्यानपूर्वक भरना है। OMR शीट में प्रथम भाग अभ्यर्थी व परीक्षा के विवरण का है जिसमें अनुक्रमांक, परीक्षा की तिथि पदकोड व प्रश्न पुस्तिका सीरिज को भरना होता है। द्वितीय भाग उत्तर भाग है जहां प्रश्नों के उत्तरों का विकल्प चयन गोला भरकर किया जाता है। इन दोनों भागों को अत्यंत सावधानीपूर्वक भरें व संबंधित विवरण का गोला भी अनिवार्य रूप से बनायें।

इस समस्त प्रकिया में अत्यंत सावधानी से व साफ सुथरे अक्षरों व गोलों का बनना आवश्यक है। कृपया सभी अभ्यर्थी इसे ध्यान रखें अन्यथा काफी मेहनत करने के बाद भी आपकों चयन प्रकिया से वंचित होना पड़ सकता है। OMR शीट में इसके लिए विस्तृत निर्देश भी दिये गये हैं इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़े व अनुपालन करें।

शुभकामनाओं के साथ।

आयोग की ओर से,

12/2/21

(संतोष बडोनी)
सचिव।

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand
दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com